**हादसा** ▶ दो गंभीर घायल, कोतमा से मजदूरी कर एक ही बाइक से लौट रहे थे चार युवक

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 युवकों की मौत

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर भोलगढ़ गांव के समीप शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा उस समय हुआ, जब एक ही मोटरसाईकिल पर सवार चार युवक कोतमा से मजदूरी का काम कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाईकिल को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



### उपचार के दौरान हुई मौत

हादसे में घायल चारों युवकों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया, जहां उपचार के दौरान 20 वर्षीय निखिल केवट पिता विश्वनाथ केवट और 30 वर्षीय बद्री केवट पिता हीरालाल केवट दोनों निवासी ग्राम झगरहा, थाना अमलाई, जिला शहडोल, की मौत हो गई। दुर्घटना में रवि कुशवाहा और राजबली बैगा घायल हुए हैं, जिनका जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है।

### पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपे

घटना की जानकारी चिकित्सक ने अस्पताल पुलिस को दी। सूचना मिलने के पुलिस ने रविवार सुबह मृतकों के परिजनों की मौजूदगी में दोनों शवों का पंचनामा तैयार कराया। इसके बाद ड्यूटी डॉक्टर से पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गई। पोस्टमार्टम के बाद दोनों मृतकों के शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिए गए।

### चालक वाहन के साथ फरार

घटना की सूचना कोतवाली थाना अनूपपुर को भी दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है तथा अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे को लेकर पुलिस आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटा रही है।

## नगर निकायों में तीन कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रभार

**अनूपपुर, नवभारत।** शहडोल संभाग के नगरीय निकायों में कर्मचारियों की कमी और रिक्त पदों के कारण प्रभावित हो रहे कार्यों को सुचारू बनाए रखने के लिए तीन कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्य-दायित्व सौंपा गया है। संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, शहडोल संभाग द्वारा इस संबंध में 10 सितंबर को आदेश क्रमांक 2611 जारी किया गया है। आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद अनूपपुर में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक अभिषेक सिंह को उनके वर्तमान दायित्व के साथ नगर परिषद डूमरकछार के सहायक राजस्व निरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं नगर पालिका परिषद अनूपपुर के सहायक राजस्व निरीक्षक गौरव सिंह को नगर परिषद डोला का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# कोतमा-बुढ़ानपुर मार्ग पर दुर्घटना की आशंका

▶ पुलिया के ऊपर सड़क में हुआ बड़ा सुराख, अंदर से खोखली हुई रोड

**कोतमा नवभारत 13 सितंबर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 स्थित बुढ़ानपुर तिराहे से कोतमा आने वाले मार्ग पर बनी पुलिया के ठीक ऊपर सड़क पर एक बड़ा होल (सुराख) हो गया है, जो आने वाले समय में पुलिया के पूरी तरह भसकने का स्पष्ट संकेत दे रहा है।

सड़क की इस जर्जर स्थिति ने वहां से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय राहगीरों और ग्रामीणों ने जब सड़क पर बने गड्ढे में झांककर देखा, तो नीचे की तस्वीर डरावनी नजर आई। पुलिया के ऊपर की रोड अंदर से पूरी तरह खोखली हो चुकी है। सड़क के नीचे की मिट्टी और बेस खिसक जाने के कारण अब ऊपर सिर्फ डामर की पतली परत ही टिके होने की संभावना जताई जा रही है।



### संबंधित विभाग से तुरंत सुधार की मांग

क्षेत्र के नागरिकों और वाहन चालकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और संबंधित प्रशासनिक विभाग से अपील की है कि वे मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संज्ञान लें। ग्रामीणों ने मांग की है कि किसी अनहोनी का इंतजार किए बिना तत्काल इस खोखली पुलिया और सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि आने-जाने वाले राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### दिन-रात बनी रहती है भारी वाहनों की आवाजाही

राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों और यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है। आमजनों का मानना है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं की गई, तो कोई भी भारी वाहन गुजरने के दौरान सड़क धंस सकती है। इससे न केवल मार्ग पूरी तरह बाधित होगा, बल्कि कोई बड़ी जनहानि भी हो सकती है।

# भोपाल की टीम ने योजनाओं की प्रगति परखी

▶ पीएम श्री हाईस्कूल भालूमाड़ा का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जमुना कोतमा नवभारत 13 सितंबर।** लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल से सहायक संचालक त्यागी एवं अनूपपुर के सहायक परियोजना समन्वयक देवेश सिंह बघेल ने पीएम श्री हाई स्कूल भालूमाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा योजनाओं को और बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय पहुंचने पर अधिकारियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। इसके पश्चात मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की साफ-सफाई, शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की पढ़ाई का स्तर तथा विद्यालय के रखरखाव का बारीकी से अवलोकन किया गया।



### साफ-सफाई व पढ़ाई का स्तर संतोषजनक पाया

अधिकारियों ने विद्यालय में साफ-सफाई, पढ़ाई का स्तर एवं रखरखाव की व्यवस्था संतोषजनक पाई। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए पीएम श्री योजना के उद्देश्यों के अनुरूप शैक्षणिक गुणवत्ता को निरंतर बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## 66 लीटर कच्ची महुआ शराब की गई जब्त

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चौकी सरई पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर पांच आरोपियों के कब्जे से कुल 66 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 6,600 रुपये बताई गई है। इसके साथ ही शराब निर्माण के लिए तैयार रखा करीब 50 किलोग्राम महुआ लहान मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई में ग्राम प्यारी निवासी अनिता बैगा से 15 लीटर, ग्राम तरंग निवासी पार्वती बाई से 15 लीटर, ग्राम सरई निवासी संतोष सिंह से 15 लीटर, देववती नायक से 15 लीटर तथा ग्राम तरंग निवासी रतन सिंह से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई।

# हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का अनोखा संयोग

▶ तीज पर अखंड सौभाग्य की कामना, गणपति पूजन से विघ्नों के नाश की मान्यता

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** इस बार सनातन धर्मावलंबियों के लिए 14 सितंबर का दिन धार्मिक आस्था और उत्साह से सराबोर रहने वाला है। सोमवार को हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का विशेष संयोग देखने को मिलेगा।

सामान्यत: भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरतालिका तीज और उसके अगले दिन चतुर्थी को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है, लेकिन इस वर्ष तिथियों के संयोग के कारण दोनों पर्व एक ही दिन के दौरान पड़ रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार यह संयोग धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



### शिव-पार्वती और गणेश से जुड़े दोनों पर्व एक साथ

हरतालिका तीज का संबंध जहां भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना से है, वहीं गणेश चतुर्थी भगवान श्री गणेश के प्राकट्य और उनकी पूजा का पर्व है। शिव-पार्वती और गणेश से जुड़े दोनों पर्वों का एक साथ आना इसे और विशेष बना रहा है।

### गणपति आराधना से मंगल की कामना

गणेश चतुर्थी पर घरों और मंदिरों में भगवान श्री गणेश की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, बुद्धि, विवेक और शुभता का देवता माना जाता है। भक्त उन्हें दूर्वा, मोदक, लड्डू, फल और पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

### माता पार्वती की तपस्या से जुड़ी है तीज की परंपरा

हरतालिका तीज को माता पार्वती की कठोर तपस्या, त्याग और अटूट संकल्प का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की थी। इसी श्रद्धा और समर्पण की स्मृति में महिलाएं हरतालिका तीज का व्रत रखती हैं।

### एक नजर में

## न्यू शिवम रेलवे कॉलोनी में बनेगी बाउंड्री वॉल

**अनूपपुर, नवभारत।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर की मांग पर न्यू शिवम रेलवे कॉलोनी में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। साथ ही कॉलोनी में एक नया बोर कराने के निर्देश भी रेलवे प्रशासन द्वारा दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राकेश रंजन के अनूपपुर आगमन के दौरान रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, शाखा उपाध्यक्ष रामदास राठौर सहित अन्य शाखा पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन की मांग क्रमांक-4 में न्यू शिवम रेलवे कॉलोनी अनूपपुर में बाउंड्री वॉल निर्माण एवं नए बोर की मांग प्रमुखता से रखी गई थी। डीआरएम राकेश रंजन ने मांग पर तत्काल संज्ञान लेते हुए बाउंड्री वॉल निर्माण एवं नया बोर कराने के आदेश दिए।

चैतन्य

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 82 मरीजों का उपचार

**अमरकंटक नवभारत 13 सितंबर।** श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा संचालित श्री चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय एवं प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में रविवार को 82 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर के दौरान मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ शुगर एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) की जांच भी की गई। चिकित्सकों ने मरीजों की समस्याएं सुनकर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. अमोल पाठक एवं डॉ. एसके तिवारी ने मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सकीय सेवाएं दीं। शिविर के सफल संचालन में सुखनंदन सिंह, ईश्वरी सिंह पेंद्राम, रामसनेही नापित एवं दीपक कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने पंजीयन, जांच एवं व्यवस्था संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# कार की डिक्की में छिपाकर ले जा रहे थे शराब

▶ दो तस्कर गिरफ्तार सोनहरा डैम के पास पुलिस ने पकड़ी कार

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** राजेंद्रग्राम थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने किरर घाट की ओर से कार में भरकर गांव के रास्ते ले जाई जा रही 97.8 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर जब्त की है।

शराब की अनुमानित कीमत 37,620 रुपए बताई गई है। मामले में कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार बरकड़े ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि किरर घाट की ओर से एक कार में अवैध शराब भरकर करौंदी गांव की तरफ ले जाई जा रही है।

### चालक ने भागने का किया था प्रयास

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध कार क्रमांक एमपी 20 सीएस 7976 पुलिस टीम को दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक ने कार को सोनहरा गांव की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए घेराबंदी की और सोनहरा डैम के पास कार को रोक लिया।

# सदस्यता वेरिफिकेशन में शांति बनाए रखें श्रमिक

▶ आज व कल जमुना-कोतमा क्षेत्र की सभी यूनिटों में होगा सदस्यता सत्यापन

**जमुना-कोतमा नवभारत 13 सितंबर।** जमुना-कोतमा क्षेत्र में 14 एवं 15 सितंबर को होने वाले सदस्यता वेरिफिकेशन को लेकर श्रमिक संगठनों की सक्रियता बढ़ गई है।

इसी क्रम में कोयला मजदूर सभा एचएमएस के श्रीकांत शुक्ला ने क्षेत्र के सभी श्रमिक भाइयों एवं बहनों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सदस्यता वेरिफिकेशन कराने की अपील की है। श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि सदस्यता वेरिफिकेशन श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। सभी श्रमिक अपने मताधिकार का प्रयोग पूरी स्वतंत्रता और अपने विवेक के आधार पर करें। इस दौरान किसी भी प्रकार के विवाद, टकराव अथवा आपसी मनमुटाव से बचते हुए भाईचारा और आपसी सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।



### कोल इंडिया के भविष्य की दिशा तय होगी : शुक्ला

उन्होंने कहा कि श्रमिकों के मतों की ताकत से आने वाले समय में जमुना-कोतमा क्षेत्र और कोल इंडिया के भविष्य की नई दिशा तय होगी। इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर को शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराना आवश्यक है। श्रीकांत शुक्ला ने श्रमिक साथियों से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक प्रक्रिया में सहभागी बनें और अपने विवेक से सदस्यता का वेरिफिकेशन कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करें।



# लोको पायलट परिजनों के साथ बैठे धरने पर

▶ रेलवे पर असुरक्षित तरीके से काम कराने का आरोप

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** जिले के बिजुरी रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को नौवें दिन भी जारी हैं। शाम को लोको पायलटों के परिजन भी आंदोलन में शामिल हो गए।

कर्मचारियों का आरोप है कि रेलवे प्रबंधन तय मानकों के विपरीत और असुरक्षित तरीके से काम करने का दबाव बनाता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही।

धरने पर बैठे लोको पायलटों का कहना है कि कई बार उनसे शॉर्टकट तरीके अपनाकर काम करने का दबाव बनाया जाता है। आरोप है कि इससे कर्मचारियों की सुरक्षा प्रभावित होती है और किसी अनहोनी की स्थिति में जिम्मेदारी तय करने के बजाय कर्मचारी पर ही कार्रवाई की जाती है।

### लोको पायलटों की बात गंभीरता से नहीं सुनी गई

कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने प्रबंधन के सामने अपनी समस्याएं रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी बात गंभीरता से नहीं सुनी गई। लोको पायलटों ने अपनी मांगों को लेकर बिलासपुर के मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन दिया था। कर्मचारियों का कहना है कि इसके बावजूद अब तक उनकी समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### असुरक्षित तरीके से काम करने से किया इनकार

कर्मचारियों के अनुसार असुरक्षित तरीके से काम करने से इनकार या किसी वजह से काम में देरी होने पर कर्मचारी पर ही आरोप लगाया जाता है। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में ट्रांसफर जैसी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। लोको पायलटों ने अपने साथी एमके विभूति के ट्रांसफर का मुद्दा भी उठाया। उनका आरोप है कि उन पर गलत आरोप लगाकर उन्हें ब्रजराजनगर, ओडिशा ट्रांसफर किया गया है।

# उमंग दिवस पर विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

▶ समस्याओं के समाधान में काउंसलिंग को बताया उपयोगी

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शनिवार 12 सितंबर को शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बस्ती अनूपपुर में उमंग दिवस एवं हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ अभिभावकों, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संस्था प्रधान अजय कुमार प्रसाद ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को उमंग हेल्पलाइन 14425 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोर-किशोरियां अपनी व्यक्तिगत, शैक्षणिक एवं अन्य समस्याओं के संबंध में शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए काउंसलरों से मार्गदर्शन एवं समाधान प्राप्त कर सकते हैं।



### नशे एवं गलत आदतों से दूर रहने की दी सलाह

उन्होंने कहा कि उमंग कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वस्थ, सजग, आत्मविश्वासी एवं सकारात्मक जीवन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे एवं गलत आदतों से दूर रहने, अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों का समाधान करने तथा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं को बिना संकोच साझा करने तथा काउंसलिंग सुविधा का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## सुल्तानपुर घटना के विरोध में यादव महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में जन्माष्टमी आयोजन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने और श्रद्धालुओं के लिए तैयार भोजन को फैलाने का आरोप लगाते हुए यादव महासभा जबलपुर ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा ने घटना की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच, सीसीटीवी फुटेज व अन्य वीडियो साक्ष्यों को सुरक्षित कर दोषियों की पहचान तथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# जिला अस्पताल में बेहतर हों स्वास्थ्य सेवाएं

▶ अनावश्यक रेफरल पर कलेक्टर नाराज, व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** जिला चिकित्सालय में गंभीर मरीजों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश कलेक्टर रत्नाकर झा ने दिए हैं।

उन्होंने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों और सुविधाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने तथा मरीजों को अनावश्यक रूप से अन्य स्थानों पर रेफर किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को ऐसी स्थिति से बचने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शनिवार को जिला चिकित्सालय के सभागार में आयोजित संदर्भ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ अस्पताल की व्यवस्थाओं, उपचार सुविधाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गंभीर मरीजों के उपचार तथा रेफरल की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि आवश्यक एवं मूलभूत चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।




**जीवनदान** ▶ शरीर में बचा था महज 1 .6 ग्राम खून, पत्नी ने नहीं हारी हिम्मत, हौसला बना सबसे बड़ी ताकत

# तीज पर्व पर पत्नी ने पति को खून दिलाकर बचाई जान

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** कहते हैं कि मुश्किल वक्त में अपनों का साथ और हौसला जिंदगी की सबसे बड़ी ताकत बन जाता है।

जिले के ग्राम सकरा में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 28 वर्षीय युवक की हालत इतनी नाजुक हो गई थी कि उसके शरीर में महज 1.6 ग्राम ओ पॉजिटिव हीमोग्लोबिन बचा था। जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे युवक को उसकी पत्नी की हिम्मत, सामाजिक कार्यकर्ता की तत्परता, सरपंच के सहयोग और चिकित्सकों के निरंतर उपचार ने नई जिंदगी दे दी। तीज जैसे महत्वपूर्ण पर्व के बीच पत्नी ने पति के इलाज को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।



### गंभीर बीमारी से पीड़ित है राघवेंद्र

जिला मुख्यालय अनूपपुर से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सकरा के वार्ड क्रमांक-1 डोंगरीटोला निवासी राघवेंद्र सिंह गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। हालत बिगड़ने पर उनकी पत्नी मानमति सिंह उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय अनूपपुर लेकर पहुंचीं। जांच के दौरान शरीर में खून की मात्रा बेहद कम पाए जाने से चिकित्सकों ने तत्काल उपचार और रक्त की व्यवस्था को प्राथमिकता दी।

### पत्नी के प्रयास से मिली सफलता

पति की गंभीर हालत के बावजूद पत्नी मानमति ने हिम्मत नहीं हारी। इसी दौरान उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल से संपर्क किया। जानकारी मिलते ही अग्रवाल ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए एक यूनिट रक्त की व्यवस्था कराई। इसके बाद ग्राम पंचायत सकरा के सरपंच संतोष कुमार सिंह ने भी युवक के लिए लगातार रक्तदान की व्यवस्था में सहयोग किया।

### सामूहिक प्रयास से बची जिंदगी

राघवेंद्र की जिंदगी बचाने में चिकित्सकों के उपचार के साथ सामाजिक कार्यकर्ता, सरपंच और परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण रही। समय पर रक्त की व्यवस्था और लगातार उपचार से एक युवा जिंदगी को बचाया जा सका। यह घटना समाज में रक्तदान और जरूरतमंद मरीजों की मदद के प्रति जागरूकता का भी संदेश देती है।